हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, बुधवार, 28 मई 2025

11 सतपाल बने जन सुधारक सभा के प्रधान



12 पुलिस आयुक्त ने पुलिस लाइन का किया औचक निरीक्षण



## खबर संक्षेप

### बिजली शिकायतों पर आज रोहतक में सुनवाई

**झज्जर।** बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को दूर करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा बुधवार को रोहतक में शिकायत निवारण बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक रोहतक के राजीव गांधी विद्युत भवन कांफ्रेंस हॉल में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी। जिसमें विशेष तौर पर झज्जर के उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायत पर सुनवाई होगी। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन जोनल सीजीआरएफ रोहतक करेंगे।

### ताला काटकर गोदाम से पीवीसी माल चोरी




**बहादुरगढ़।** निजामपुर रोड स्थित एक गोदाम में चोरी की वारदात हो गई। यहां ताला काटकर एक गोदाम में रखा करीब तीन हजार किलो पीवीसी का माल चुरा लिया गया। गोदाम मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। दयाराम का कहना है कि निजामपुर रोड पर सोनी स्वीट्स के सामने वाली गली में उसका गोदाम है। रात को किसी ने गोदाम का ताला मशीन से काटर लिया और अंदर रखे पीवीसी के माल पर हाथ साफ कर दिया। जब अगली सुबह पड़ोसी ने सूचना दी तो वे मौके पर पहुंचे। अपने स्तर पर जांच की लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं चल सका। इस वारदात में हमारे यहां काम करने वाली लेबर व उसके भांजे का भी हाथ हो सकता है। उधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। दयाराम की शिकायत पर लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। जल्द से जल्द वारदात को सुलझाने का प्रयास रहेगा।

### बाइक और गाड़ी के टायर चोरी, केस दर्ज

बहादुरगढ़। इलाके में वाहन और वाहनों के पाट्र्स चोरी होने के मामले नहीं थम रहे। आए दिन लोग चोरी की शिकायतें लेकर थानों में पहुंच रहे हैं। अब दो और लोगों ने पुलिस को शिकायत दी है। लाइनपार स्थित रामा कृष्णा नगर के निवासी नंद किशोर का कहना है कि रात करीब साढ़े दस बजे बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह देखी तो नहीं मिली। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। इस शिकायत पर लाइनपार थाने में केस दर्ज हुआ है। वहीं, रेलवे रोड के निवासी तरुण गर्ग का कहना है कि 26 मई की रात को उसने अपनी गाड़ी मकान के बाहर बरामदे में खड़ी की थी। मंगलवार की सुबह देखा तो कार के दोनों अगले टायर रिम सहित गायब थे।

# मंगोलिया में कुश्ती का दम दिखाएंगे जिले के चार पहलवान

## ■ अमन सहरावत, उदित, दीपक पूनिया व दिनेश धनखड़ रैंकिंग सीरीज खेलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मंगोलिया में होने वाली कुश्ती की रैंकिंग सीरीज में झज्जर जिले के चार पहलवान दमदख दिखाएंगे। ओलंपिक मेडलिस्ट अमन सहरावत, अर्जुन अवॉर्डी दीपक पूनिया, प्रतिभाशाली उदित और हेवीवेट पहलवान दिनेश धनखड़ का भारतीय टीम में चयन हुआ है। कुश्ती प्रेमियों को इन चारों पहलवानों से पदक की उम्मीदें हैं। दरअसल, 29 मई से एक जून तक मंगोलिया के उलानबटोर शहर में यह रैंकिंग सीरीज होने जा रही है। इसके लिए भारतीय दल चुना जा चुका है।

■ 29 मई से एक जून तक मंगोलिया के उलानबटोर में प्रतियोगिता

भारतीय कुश्ती दल में झज्जर जिले के भी चार पुरुष पहलवान हैं। इनमें ओलंपिक मेडलिस्ट अमन सहरावत, ओलंपियन दीपक पूनिया, उदित तथा दिनेश धनखड़ उर्फ गोलिया पहलवान शामिल हैं। खेलप्रेमी स्पर्धा को लेकर उत्साहित है।



अमन सहरावत | दीपक पूनिया | दिनेश धनखड़ | उदित पहलवान

### देश व विदेश में नाम रोशन कर चुके पहलवान

पहलवान अमन सहरावत झज्जर जिले के बिरोहड़ गांव से हैं। अमन ने 2012 में कुश्ती का अभ्यास शुरू किया था। वह 57 केजी फ्री स्टाइल में ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप एशियाई चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में देश के लिए मेडल जीत चुके हैं। रैंकिंग सीरीज में भी अमन से बेहद उम्मीदें हैं। अमन की तरह दीपक पूनिया से भी 92 केजी फ्री स्टाइल में मेडल की पूरी आस है। दीपक झज्जर जिले के छारा गांव से हैं। ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। एशियन गेम्स, वर्ल्ड चैंपियनशिप, एशियन चैंपियनशिप और कॉमनवेल्थ गेम्स में देश को मेडल दिला चुके हैं। वहीं, हेवीवेट कैटेगिरी 125 केजी फ्री स्टाइल का पहलवान दिनेश धनखड़ उर्फ गोलिया जिले के गांव गोयला कलां से है। सर्विसेज की ओर से खेलते हैं। पिछले दिनों ही दिनेश ने जॉर्डन में आयोजित एशियन चैंपियनशिप में मेडल जीता था। दिनेश देशी दंगलों के साथ मैट पर भी धाक जमा रहे हैं। इनके अलावा, 61 केजी फ्री स्टाइल वर्ग में उदित देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उदित जिले के गांव सुरहा से हैं। बेहद ही प्रतिभाशाली यह पहलवान एशियन चैंपियनशिप सहित राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में कई मेडल जीत चुका है। कुश्ती प्रेमियों का कहना है कि हमारे सभी पहलवान बेहद होनहार हैं। हमें पूरा यकीन हैं कि मंगोलिया रैंकिंग सीरीज में देश को कई मेडल मिलेंगे।

## बहादुरगढ़ के जेमिन ने कनाडा में जीता पदक



**बहादुरगढ़।** भाजपा के मंडल अध्यक्ष पंकज गर्ग के 6 वर्षीय भतीजे जेमीन गर्ग ने ऑल कनाडा टीएफई नेशनल चैंपिनयशिप के अंडर-8 आयु वर्ग में हिस्सा लेते हुए ताइक्वांडो में येलो बेल्ट वर्ग में सिल्वर मेडल जीता। पंकज गर्ग ने बताया कि उनके बड़े भाई सचिन गर्ग पिछले 15 वर्षों से कनाडा में ही रह रहे हैं।

## मानसून से पहले तैयारी

### बहादुरगढ़ नगर परिषद ने लगाया टेंडर

# 56 लाख रुपये में होगी 42 किमी. लंबे 36 नालों की सफाई

## ■ बीस दिन में कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर में हल्की सी बरसात भी सफाई व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर देती है। इस बार ऐसे सवालों से बचने के लिए नगर परिषद ने तैयारी शुरू कर दी है। नालों की सफाई के लिए टेंडर लगाया गया है। इसके तहत करीब 56 लाख रुपए में 36 नालों की सफाई की जाएगी। परिषद ने अगले 20 दिनों में करीब 42 किलोमीटर लंबे नालों की सफाई करवाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। हालांकि परिषद इसमें कितना सफल होगी, यह बरसात में ही पता चलेगा। बता दें कि शहर के लगभग सभी नालों में कीचड़ और प्लास्टिक कबाड़ भरा है। जिसके कारण बिना बरसात के भी नालों का पानी सड़क और गलियों में भर जाता है। अब इसी स्थिति में सुधार लाने के लिए नगर परिषद ने नालों की सफाई के लिए अलग से टेंडर लगा दिया है। रोहतक की डीएसपी लेबर कॉर्पोरेशन सोसाइटी को नालों की सफाई का काम सौंपा गया है। उम्मीद है कि कंपनी के कर्मचारी बुधवार से सफाई शुरू कर देंगे। नप के कार्यकारी अधिकारी संजय रोहिल्ला ने बताया कि शहर के सभी 36 नालों की सफाई करवाई जाएगी। एस्टीमेट के अनुसार 42 किलोमीटर लंबे नालों की सफाई पर करीब 56 लाख का खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि अगले 20 दिनों में सभी नालों की सफाई का काम पूरा करवा दिया जाएगा। ताकि बरसात के दौरान जलभराव की स्थिति का सामना नहीं करना पड़े।



**बहादुरगढ़।** नालों की सफाई में जुटे नगर परिषद के कर्मचारी।

## जर्जर सीवर लाइनें बदलने की मांग



**बहादुरगढ़।** एक्सईएन अमन मोर से चर्चा करते जसबीर सैनी।

**बहादुरगढ़।** शहर की चरमराई सीवर व्यवस्था की समस्या को लेकर ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी ने जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता से मुलाकात की।

उन्होंने एक्सईएन अमन मोर से कहा कि हरी नगर, शास्त्री नगर, दयानंद नगर, विकास नगर, छोटूराम नगर, जटवाड़ा मोहल्ला समेत कई कॉलोनियों में सीवर लाइनें जर्जर हो चुकी हैं। इन्हें बदलवाने की जरूरत है। उनके अनुसार शहर की सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सीएम द्वारा जल्द ही 70 करोड़ रुपए का एस्टीमेंट स्वीकृत कर दिया जाएगा। अमरुत योजना के दूसरे चरण का कार्य सरकार के आदेशानुसार पब्लिक हेल्थ द्वारा ही करवाया जाए। इस अवसर पर रोहित, पुनीत, हरीश सैनी, अनिल, राजपाल सैनी आदि मौजूद थे।

## वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर युवक से छह लाख रुपये ठगे

**बहादुरगढ़।** वर्क फ्रॉम होम और प्रोफिट के नाम पर ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अब बहादुरगढ़ के एक और युवक के साथ इस तरह की वारदात हुई है। शातिरों ने उसको छह लाख, छह हजार 992 रुपये की चपत लगा दी। वारदात प्रिंस के साथ हुई है। प्रिंस का कहना है कि गत 12 मई को मेरे पास वर्क फ्राम होम के लिए मैसेज आया। मैंने काम करने पर सहमति जताई तो उन लोगों ने टेलीग्राम पर एक ग्रुप में मुझे शामिल कर लिया। उन्होंने कहा कि गूगल मैप पर रिव्यू करने पर कमिशन दिया जाएगा। मैंने कुछ रिव्यू दिए तो पैसे प्राप्त हुए। फिर उन्होंने कहा कि अगर ज्यादा लाभ कमाना है तो आपको हमारे द्वारा दिए गए खातों में रुपये डालने होंगे। मैंने एक लाख 57 हजार 762 रुपये डाल दिए। उन्होंने कहा कि यदि आप अपने रुपयों को प्रोफिट सहित निकालना चाहते हो तो आपको तीन लाख 34 हजार 260 रुपये और डालने होंगे। ये रुपये भी डाल दिए लेकिन मुझे रुपये वापस नहीं मिले। फिर वे और रुपये भेजने का दबाव बनाने लगे। कहने लगे कि अपनी रकम पानी है तो रुपये भेजने होंगे। मैंने 78 हजार 100 रुपये और भेज दिए। मेरी तरफ से कुल छह लाख छह हजार 992 रुपये चले गए। रुपये मांगे तो शातिरों ने मना कर दिया और ग्रुप से बाहर निकाल दिया।

### 15 जून से पहले ड्रेनों की सफाई करें : डीसी

**झज्जर।** जिले में ड्रेन व नालों की सफाई का कार्य हर हाल में आगामी 15 जून से पहले पूरा किया। सिंचाई व शहरी निकाय विभाग के अधिकारी मिशन मोड में कार्य करें व नियमित फील्ड विजिट के माध्यम से कार्य की मॉनिटरिंग करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा वीसी के माध्यम से आयोजित रिव्यू मीटिंग के उपरांत डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने अधिकारियों की मीटिंग को संबोधित करते हुए ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा सफाई कार्यों की सख्त मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारी ड्रेनों की सफाई के लिए कनिष्ठ अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करें। उन्होंने सिंचाई विभाग के एसई को निर्देश देते हुए कहा कि अगर विभागीय स्तर पर अधिकारी द्वारा लापरवाही की जाती है तो तुरंत एक्शन लें। इसके अलावा डीसी ने नगर परिषद झज्जर, बहादुरगढ़ व नगर पालिका बेरी, ग्रामीण विकास, एचएसवीपी, एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों को उनके अधीन आने वाले नालों की सफाई का कार्य उचित ढंग से करने के निर्देश दिए।

## बुजुर्ग महिला से अंगूठी व कंगन ठगे

**बहादुरगढ़।** पुराना कोर्ट परिसर में एक बुजुर्ग महिला के साथ ठगी की वारदात हो गई। तीन शातिर युवकों ने एक दफ्तर का पता पूछने के बहाने महिला को बातों में उलझाया और उससे सोने के कड़े तथा अंगूठी लेकर फरार हो गए। वारदात मेन बाजार की निवासी दर्शना देवी के साथ हुई है। दर्शना का कहना है कि वह हर रोज सुबह के वक्त पुराना कोर्ट परिसर में टहलने जाती है। मंगलवार की सुबह भी करीब साढ़े छह बजे वहां गई। टहलते वक्त थकान हुई तो कुछ देर के लिए वहां पगडंडी पर बैठ गई। इसी दौरान स्कूटी सवार एक युवक आया। वह एक दफ्तर का पता पूछने लगा। इसी दौरान बाइक सवार दो और युवक वहां आ गए। तीनों ने मुझको बातों में उलझा लिया। उन्होंने दो सोने के कंगन और सोने की अंगूठी उतरवा ली, फिर वहां से चंपत हो गए। जब तक मुझे कुछ समझ आया, वे युवक फरार हो चुके थे। वहीं, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। दर्शना की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने अज्ञात शातिरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की तह तक जाने के पुलिस कोर्ट परिसर के नजदीक दुकानों के बाहर लगे कैमरे चेक करेगी।

## सड़कों से नहीं उठाए आंधी से गिरे पेड़, यातायात प्रभावित, आमजन परेशान

**झज्जर।** करीब दो दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कई क्षेत्रों में आंधी से सड़कों पर गिरे पेड़ों को नहीं उठाया गया है। जिसके कारण जहां यातायात प्रभावित हो रहा है, वहीं आमजन को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई क्षेत्रों में वर्षो पुराने वृक्ष टूट कर गिर जाने के कारण भी वन विभाग और पर्यावरण को नुकसान हुआ है। झज्जर तलाव गांव मार्ग पर फार्म के नजदीक एक भारी भरकम पेड़ सड़क के बीचों बीच गिरा हुआ है। जिसके कारण यातायात पूर्णतया प्रभावित है। स्थिति यह है कि इस मार्ग पर केवल पैदल या दुपहिया वाहन बड़ी मुश्किल से निकल रहे है। इस मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों लोग सुबह और सांय के समय निकलते है। जिसके कारण उन्हें परेशानी हो रही है। वहीं इस मार्ग से जुड़ने वाले कई गांवों के लोगों को भी दूसरे मार्गो का प्रयोग करते हुए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। इसके अलावा झज्जर जहाजगढ़ मार्ग के बीच भी पेड़ बिल्कुल गिरने की स्थिति में है, यहां कभी भी हादस हो सकता है। फिर भी विभाग मौन है। इसके अलावा क्षेत्र में कई ऐसे स्थान है, जहां से आंधी के दौरान गिरे हुए पेड़ों को नहीं उठाया गया है।

### तलाव गांव में गिरा 75 वर्ष पुराना नीम का पेड़



युवा एथलीट सोनू तलाव ने बताया कि तेज आंधी के कारण पर्यावरण को बहुत नुकसान हुआ है। सैंकड़ों पेड़ गिर गए है। उनके खेत में लगा करीब 75 वर्षीय नीम का पेड़ भी तेज आंधी के कारण गिर गया। जिसका उन्हें और उनके परिजनों को बेहद दुख है। उन्होंने बताया कि यह पेड़ उनके पिताजी ने बाल्यकाल में लगाया था। जब खेत में जाकर देखा तो उन्हें एक बार तो यह एहसास भी नहीं हुआ कि यह पेड़ भी गिर सकता है। इस पेड़ के साथ उनके पूरे परिवार का आत्मिक लगाव था।

## मिशन एडमिशन ने पकड़ी रफ्तार, कॉलेजों में विद्यार्थियों की भीड़

# आठ कॉलेजों में बीएससी लाइफ साइंस की 460 सीटें

*राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थी नौ जून तक उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नेहरू कॉलेज में मंगलवार सांय तक विभिन्न कोर्सो के लिए 285 आवेदन प्राप्त हुए*

### विद्यार्थियों को करियर संबंधी जानकारी दे रहे कॉलेजों में शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

विभिन्न कॉलेजों में स्नातक कक्षाओं के दाखिलों के लिए ऑनलाइन आवेदन जारी हैं। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थी नौ जून तक उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नेहरू कॉलेज में मंगलवार सांय तक विभिन्न स्नातक कोर्सों के लिए 285 आवेदन प्राप्त हुए।

### सात सरकारी व एक एडेड कॉलेज में पाठ्यक्रम उपलब्ध

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि जिले के सात सरकारी और एक एडिड कॉलेज में बीएससी लाइफ साइंस का पाठ्यक्रम उपलब्ध है। इन आठ कॉलेजों में बीएससी लाइफ साइंस की 460 सीटें हैं। बीएससी (मेडिकल) कोर्स को अब बीएससी (लाइफ साइंस) के नाम से जाना जाता है। इसमें दाखिले के लिए न्यूनतम योग्यता किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 45 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं अंग्रेजी, भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान विषयों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।



### कॉलेज वाइज सीटों का ब्योरा

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि राजकीय नेहरू महाविद्यालय में बीएससी लाइफ साइंस की 80 सीटें, राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में 60, राजकीय महिला महाविद्यालय, बहादुरगढ़ में 20, राजकीय महाविद्यालय बादली में 20, राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में 80, राजकीय महाविद्यालय छारा में 80, राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में 40 और महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में 80 सीटें हैं।

### जीवन प्रक्रिया का अध्ययन

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि बीएससी मेडिकल कोर्स को अब बीएससी (लाइफ साइंस) के नाम से जाना जाता है। इसके तहत जीव विज्ञान की विविध शाखाओं, बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, जेनेटिक्स, पर्यावरण विज्ञान का ज्ञान मिलता है। इसमें जीवों और जीवन प्रक्रिया के अध्ययन के दौरान सूक्ष्म जीवों से लेकर मानव शरीर, पौधों, पशुओं और पारिस्थिति की तक की सभी कार्य-प्रणालियों की गहन जानकारी मिलती है। साथ ही स्वास्थ्य और चिकित्सा विज्ञान का आधारभूत ज्ञान मिलता है और यह मेडिकल और पैरामेडिकल क्षेत्रों की नींव है।

### बीमारी और जैविक संकट में उपयोगी



*डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि दवाओं की खोज, रोगों की पहचान, और चिकित्सा अनुसंधान में लाइफ साइंस की महत्वपूर्ण भूमिका है। बीमारी और जैविक संकटों के समय यह ज्ञान समाज के लिए बहुत उपयोगी होता है। जिन विद्यार्थियों का रुझान रिसर्च में होता है, वे बायोटेक्नोलॉजी, जेनेटिक्स, बायोइन्फॉर्मेटिक्स, फार्मास्युटिकल्स आदि क्षेत्रों में रिसर्च कर सकते हैं। यह कोर्स पर्यावरणीय चेतना के विकास में भी सहायक है और इसमें पर्यावरणीय संतुलन, पारिस्थितिकी तंत्र, प्रदूषण नियंत्रण और जैव विविधता संरक्षण की जानकारी मिलती है।*

### कोर्स में रोजगार और व्यावसायिक अवसर

इस कोर्स के बाद बायोटेक्नोलॉजी, फार्मास्यूटिकल, फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री, पर्यावरण संरक्षण संस्थाओं, रिसर्च लैब्स, क्लिनिकल रिसर्च, अस्पतालों और शैक्षिक संस्थानों में रोजगार के अवसर मिलते हैं। विद्यार्थी सरकारी नौकरियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर सकते हैं। बीएससी के बाद बीएड या एमएससी करके शिक्षक भी बन सकते हैं इस तरह यह केवल एक डिग्री नहीं, बल्कि जीवन को समझने, संरक्षित करने और आगे बढ़ाने की यात्रा है।

## कार स्कूटी को टक्कर मारने के बाद नहर में गिरी, एक की मौत



**झज्जर।** नहर से कार को निकालते हुए जेसीबी।


**झज्जर।** मंगलवार सुबह क्षेत्र के गांव लकड़िया गांव से गुजर रही नहर के पुल पर हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब तेज गति से आ रही कार ने पहले स्कूटी को टक्कर मारी, फिर बैल बुग्गी को टक्कर मारते हुए असंतुलित होकर नहर में जाकर गिर गई। बाद में सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान वेद प्रकाश निवासी गांव मदाना के तौर पर की गई है। बाद में पुलिस द्वारा जेसीबी सहायता से कार को नहर से बाहर निकलवाया। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।



# 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर रिलीज कॉमेडी का मिला फुल डोज...

**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे हिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी में से एक हाउसफुल एक बार फिर से दर्शकों को हंसी का फुल डोज देने के लिए तैयार है। 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर अब सामने आ चुका है और इसे देखकर फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ गई है। फिल्म में एक बार फिर से अक्षय कुमार और रितेश देशमुख की जोड़ी धमाल मचाने को तैयार है। साथ ही इस बार कॉमेडी का तड़का लगाने के लिए कई नए चेहरे भी नजर आने वाले हैं। फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख से लेकर संजय दत्त, जैकलीन फर्नांडिस, नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा नजर आ रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं तरुण मनसुखानी।

## लाइफ Style



# नोरा
## अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड में बिखेरा जलवा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स 2025 के 51वें संस्करण का आयोजन बीते दिन सोमवार को लास वेगास में हुआ। हालांकि, भारत में इसका प्रसारण मंगलवार की सुबह हुआ। इस समारोह में दुनिया भर के दिग्गज कलाकारों ने शिरकत की। इसी कणी में भारतीय अभिनेत्री नोरा फतेही ने भी शानदार प्रस्तुति दी, जिस कारण वहां मौजूद सभी लोगों का ध्यान एक्ट्रेस ने अपनी ओर खींच लिया।

बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही अमेरिकन म्यूजिक अवॉड्र्स में शामिल हुईं, जिसे अमेरिकन सिंगर जेनिफर लोपेज द्वारा आयोजित किया गया है। एक्ट्रेस ब्लैक कलर की वन पीस ड्रेस पहने नजर आ रही हैं, जिस पर शीशे और मोतियों से भी वर्क हुआ है। इसके साथ उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है और हल्के मेकअप के साथ शानदार अंदाज में पोज देकर तस्वीरें क्लिक करा रही हैं, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही अपने नवीनतम सिंगल म्यूजिक 'स्नेक' की सफलता के बाद से ऊंचाइयों को छू रही हैं, क्योंकि इसे काफी पंसद किया जा रहा है। इस संगीत में अभिनेत्री के साथ अमेरिकन गायक और डांसर जेसन डेरुलो भी शामिल हैं। दोनों के द्वारा तैयार किया गया यह ट्रैक 'स्नेक' न केवल बीबीसी एशियन म्यूजिक चार्ट में शीर्ष पर रहा, बल्कि 130 मिलियन से अधिक बार देखा गया। इस उपलब्धि ने दुनियाभर में अभिनेत्री के प्रशंसकों और भारतीय संगीत प्रेमियों को खुश कर दिया है। नोरा फतेही के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार 'द रायल्स' सीरीज में देखा गया था। इसके अलावा वह अभिषेक बच्चन अभिनीत फिल्म 'बी हैप्पी' में भी नजर आईं थीं।

## हॉलीवुड मसाला



# पुरुष-महिला डांसर्स को किया किस

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड 2025 में कुछ ऐसा हुआ जिसे देखकर हर कोई शॉक्ड रह गया। दरअसल, एक्टर-सिंगर जेनिफर लोपेज अवॉर्ड समारोह की ओपेनिंग सेरेमनी में परफॉर्मेंस दे रही थीं। तभी जेनिफर ने कुछ ऐसा किया कि वहां बैठे लोग हैरान रह गए। जेनिफर लोपेज ने अपन परफॉर्मेंस के दौरान स्टेज पर ही अपने साथ डांस करने वाले तीन बैकस्टेज डांसर्स को किस कर लिया। इनमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल थे। जेनिफर ने अवार्ड शो की शुरुआत डांस मेडली से की, जिसमें उनके कई बैकअप डांसर्स के साथ एक धमाकेदार किस-ऑफ भी शामिल था।




# जस्टिन बीबर लाइव शो में हुए बेकाबू ...

**लॉस एंजिल्स।** म्यूजिक आइकॉन जस्टिन बीबर एक बार फिर चर्चा में हैं। उन्होंने लॉस एंजिल्स के सोफी स्टेडियम में सोलाना इमानी रोवे और केंड्रिक लैमर के 'ग्रैंड नेशनल टूर' कॉन्सर्ट में सरप्राइज अपीयरेंस से दर्शकों को हैरान कर दिया। उन्होंने स्टेज पर सोलाना इमानी रोवे के साथ परफॉर्म किया। लेकिन, देखते ही देखते सिंगर ने उनके हाथों पर चूमना शुरू कर दिया। उनकी ये हरकत कई यूजर्स को पसंद नहीं आई। वो ये कह रहे हैं कि ये सब देखकर उनकी बीवी हैली बीबर के ऊपर क्या बीत रही होगी! जस्टिन बीबर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और एक बार फिर सिंगर की मेंटल हेल्थ पर सवाल उठने लगे हैं। वो स्टेज पर गाना गाते-गाते कहीं खो से गए। फिर उन्होंने एसजेडए का हाथ चूम लिया। ये सबकुछ फैंस को अटपटा सा लग रहा है।



# लोगों से हजम नहीं हो रहा मेरा सम्मान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने हाल ही में 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी ग्लैमरस मौजूदगी से खूब सुर्खियां बटोरीं। इसी बीच हाल ही में अभिनेत्री का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उर्वशी एक होटल की सीढ़ियों पर पोज देती नजर आईं। इसके बाद एक इन्फलुएंसर ने दावा किया गया कि उन्होंने फोटोशूट के लिए रास्ता जाम कर दिया था, जिससे दूसरे लोगों को परेशानी हुई। इन आरोपों पर अब उर्वशी ने चुप्पी तोड़ ली है। उर्वशी ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट शेयर कर सभी आरोपों को बेबुनियाद करार दिया। उन्होंने आगे लिखा कि कुछ लोग इस सच्चाई को पचा नहीं पा रहे कि एक भारतीय अभिनेत्री ग्लोबल लेवल पर इतनी सराहना पा रही है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करते हुए लिखा कि उनका फोटोशूट पूरी तरह से नियमों के तहत हुआ था।



# बिग बी ने जीवन संघर्ष पर किया पोस्ट

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। वे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम के अलावा ब्लॉग भी लिखते हैं। नियमित रूप से इन प्लटेफॉर्म पर वे अपने निजी और पेशेवर जिंदगी से जुड़ी चीजें शेयर करते हैं। हालांकि, पिछले कुछ वक्त से वे एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर ब्लैंक पोस्ट कर रहे थे। मगर, अब यह सिलसिला तोड़ दिया है और पोस्ट के साथ कुछ विचार या अपडेट लिखते हैं। मंगलवार को उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर अपने दिवंगत पिता व कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता की एक लाइन लिखी। 'जब तक जीवन है, तब तक संघर्ष है'। ये लाइनें कवि हरिवंश राय बच्चन की लिखी हुई हैं। अमिताभ बच्चन का पोस्ट आते ही हमतरह नेटिजन्स के रिएक्शन आने लगे।

## टीवी मसाला



# कभी मिलते थे 50 रुपए, 'जेठालाल' कैसे बने करोड़ों के मालिक...

**नई दिल्ली।** टीवी के सबसे चहेते किरदारों में से एक 'जेठालाल'को कौन नहीं जानता। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'में जेठालाल का किरदार निभाने वाले दिलीप जोशी ने 26 मई को अपना 57वां जन्मदिन मनाया। लेकिन, इस मुकाम तक पहुंचने की उनका सफर आसान नहीं रही। कभी 50 रुपए के लिए नाटकों में बैकस्टेज काम करने वाले दिलीप जोशी आज टीवी इंडस्ट्री के सबसे महंगे एक्टर्स में से एक हैं। दिलीप जोशी का जन्म 26 मई 1968 को गुजरात के पोरबन्दर में हुआ। उन्होंने काफी समय तक थिएटर किया और उसके बाद वो एक्टिंग में आए। उनका एक्टिंग कॅरियर फिल्मों से शुरू हुआ था। उन्होंने सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मैंने प्यार किया' में रामू का किरदार निभाया था, जिसमें वो एक हाउस हेल्प के रोल में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने शाहरुख खान के साथ 'वन 2 का 4' में भी काम किया। फिल्म में उनका किरदार छोटा जरूर था, लेकिन दिल जीत लेने वाला था। इसके अलावा वो हम आपके हैं कौन, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी, खिलाड़ी 420, दिल है तुम्हारा जैसी कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। सफलता की इस चमक के पीछे एक लंबा संघर्ष छिपा है। एक इंटरव्यू में दिलीप जोशी ने खुलासा किया था कि एक्टिंग में कॅरियर बनाने से पहले वो लगभग एक साल तक बेरोजगार रहे। इस दौरान उन्होंने एक ट्रेवल एजेंसी में को-ओनर के रूप में काम किया था। करीब पांच साल तक उन्होंने वहां काम किया, लेकिन उनका दिल तो एक्टिंग में ही था। जब काम नहीं मिला तो वो किसी भी छोटे-मोटे रोल को करने के लिए तैयार रहते थे।

## कुश शाह ने क्यों छोड़ा 'तारक मेहता' शो

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'पिछले डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय से दर्शकों को एंटरटेन कर रहा है। इस दौरान कई सितारे इस शो से बाहर हो चुके हैं। हाल ही में गोली का किरदार निभाने वाले कुश शाह ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'को छोड़ने को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि उन्हें शूटिंग की आज भी बहुत याद आती है। कुश ने यह भी कहा कि शो छोड़ना उनके लिए जरूरी था ताकि वह कुछ अलग कर सकें। मुझे सेट्स पर रहना बहुत याद आता है, क्योंकि वही मेरा घर था। लेकिन, मुझे अपने लिए यह फैसला लेना पड़ा, क्योंकि अब मैं 27 साल का हो गया हूं और मुझे लगा कि अब कुछ करने का वक्त आ गया है। मुझे लगता है कि यह शो हमेशा चलता रहेगा, क्योंकि दर्शक इसे प्यार करना बंद नहीं करेंगे। कुश शाह ने कहा, 'मुझे तारक मेहता शो, वहां के लोग, सब बहुत पसंद हैं। मैं उस माहौल का सच में दीवाना था। हमने कोविड के दौरान भी शूटिंग की थी। हम दमन शिफ्ट हो गए थे और वहीं शूट किया था। ऐसा एक भी दिन नहीं गया, जब मैं सुबह उठा हूं और कहीं जाना नहीं पड़ा हो।



# दीपिका के फिल्म छोड़ने पर भड़के संदीप वांगा...

**मुंबई।** मशहूर निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'स्पिरिट'को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब तृप्ति डिमरी को बतौर लीड एक्ट्रेस शामिल किया गया है। लेकिन, दीपिका पादुकोण के फीस और काम के घंटों को लेकर फिल्म छोड़ने का विवाद अब गहराता जा रहा है। क्योंकि, अपने बेबाक बयानों के लिए मशहूर संदीप रेड्डी वांगा दीपिका पादुकोण के इस फैसले से नाखुश हैं। निर्देशक ने सोशल मीडिया पर क्रिप्टिक पोस्ट किया है, जिसे दीपिका पादुकोण से जोड़कर देखा जा रहा है। संदीप ने लिखा है, जब मैं किसी एक्टर को कहानी सुनाता हूं, तो मैं उस पर 100% भरोसा करता हूं। हमारे बीच एक अनकहा एनडीए (नॉन डिस्क्लोज एग्रीमेंट) होता है। लेकिन, ऐसा करके, आपने उस व्यक्ति को डिस्क्लोज कर दिया है, सामने ला दिया है, जो आप वास्तव में हैं। एक युवा एक्टर को नीचा दिखाना और मेरी कहानी को बाहर करना? क्या यही आपका फेमिनिस्म है? एक फिल्म निर्माता के रूप में मैंने अपने क्राफ्ट के पीछे सालों की कड़ी मेहनत की है। मेरे लिए फिल्म मेकिंग ही सब कुछ है।



# संजय दत्त की वो ब्लॉकबस्टर, जिसे साउथ ने 4 बार किया कॉपी-पेस्ट...

*नई दिल्ली। संजय दत्त की फिल्म 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को शाहरुख खान, विवेक ऑबेरॉय और अनिल कपूर ने रिजेक्ट किया था।राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने संजय के करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। यूं तो संजय दत्त ने कॅरियर में कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। मगर एक ब्लॉकबस्टर ऐसी है जिसे शाहरुख खान, विवेक ऑबेरॉय से लेकर अनिल कपूर जैसे स्टार्स ने रिजेक्ट कर दिया था। मगर जब संजय दत्त ने वो फिल्म की, तो ये उनके कॅरियर के लिए जैकपॉट साबित हुई। साउथ में भी कई भाषाओं में इसके रीमेक बने और सब के सब हिट साबित हुए।*

**सुनील दत्त भी आए थे नजर :** ये है 'मुन्नाभाई एमबीबीएस'। जिसे राजकुमार हिरानी ने लिखा और डायरेक्ट भी किया। साल 2003 में आई इस फिल्म ने एक बार फिर संजय दत्त के कॅरियर की जड़े मजबूत कर दी। जिसमें उनके पिता सुनील दत्त भी नजर आए थे। इसके अलावा अरशद वारसी, रोहिणी और ग्रेसी सिंह भी फिल्म का हिस्सा थे।

**मिला था नेशनल अवॉर्ड :** 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को न सिर्फ समीक्षकों और फैंस ने पसंद किया, बल्कि साल 2004 में बेस्ट पॉपुलर फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। ये शुरुआत में शाहरुख खान, आर माधवन, अनिल कपूर और विवेक ओबेरॉय के पास भी पहुंची थीं, लेकिन फिर उन्होंने रिजेक्ट कर दी थी।



**'लगे रहो मुन्ना भाई' भी सुपरहिट हुआ साबित :** 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का बजट 12 करोड़ रुपए था और इसने 33 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म इतनी हिट हुई कि 2006 में इसका सीक्वल 'लगे रहो मुन्ना भाई' भी आया और वो भी सुपरहिट साबित हुआ। मुन्ना भाई 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को हॉलीवुड फिल्म 'पैच एडम्स' से प्रेरित बताया जाता है, जिसमें रॉबिन विलियम्स ने लीड रोल निभाया था।

**ये फिल्में हैं 'एमबीबीएस' का रीमेक :** अब आते हैं साउथ रीमेक पर, तो 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का तेलुगु में 2004 में बना 'शंकर दादा 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का रीमेक थी, जिसमें चिरंजीवी और सोनाली बेंद्रे थे। फिल्म सुपरहिट रही। उसी साल तमिल में बना 'वसूल राजा एमबीबीएस ', जिसमें कमल हासन लीड रोल में थे। ये भी हिट रही। 2007 में कन्नड़ में बनी 'उप्पी दादा एमबीबीएस, जिसमें उपेन्द्र थे, लेकिन फिल्म कुछ खास नहीं चली। 2017 में श्रीलंका में सिंहला भाषा में बनी 'डॉ. नवारियन', जिसमें रंजन रमणायके थे और ये फिल्म वहां भी हिट साबित हुई। इस तरह 'मुन्नाभाई एमबीबीएस ' का जहां-जहां रीमेक बना उनके लिए ये फिल्म किसी खजाना से कम नहीं रही।

## अवॉर्ड नाइट में सेलेब्स को उनके अलग-अलग कामों के लिए किया गया सम्मानित

# सामंथा-शिल्पा से लेकर सारा तेंदुलकर तक, इवेंट में लगा सेलेब्स का जमावड़ा

*मुंबई। बीते सोमवार को एक अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया गया। इस अवॉर्ड नाइट में बॉलीवुड की कई हस्तियां मौजूद रहीं। जिनमें शिल्पा शेट्टी, भूमि पेडनेकर, सामंथा रुथ प्रभु, अदिति राव अलाया एफ, टाइगर श्रॉफ, जायद खान और सारा तेंदुलकर भी मौजूद रहीं। इस अवॉर्ड नाइट में सेलेब्स को उनके अलग-अलग कामों के लिए सम्मानित किया गया। अब इस अवॉर्ड नाइट से सेलेब्रिटीज के लुक्स काफी वायरल हो रहे हैं।*

### ब्लैक एंड व्हाइट ड्रेस में खूबसूरत लगीं शिल्पा



इस कार्यक्रम में शिल्पा शेट्टी ब्लैक एंड व्हाइ कलर की फैशनेबल ड्रेस में नडर आईं। शिल्पा ने अपने इंस्टाग्राम पर भी इस इवेंट से अपने लुक की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए।

### फॉर्म-फिटिंग डार्क ब्राउन ड्रेस में पहुंचीं सामंथा



साउथ से बॉलीवुड का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस-प्रोड्यूसर सामंथा रुथ प्रभु भी इस अवॉर्ड नाइट में खूबसूरत लगीं। सामंथा ने एक स्लीक, फॉर्म-फिटिंग डार्क ब्राउन ड्रेस पहनी। जिसमें स्टाइलिश साइड कट-आउट हैं, जिसमें लेस-अप डिजाइन है जो बाजुओं के नीचे से हेम तक जाता है। उनके आउटफिट को ब्लैक और गोल्ड पॉइंटेड-टो हील्स के साथ पेयर किया गया है। उनके बालों में ढीले, चमकदार लहरें हैं। सामंथा ने कैमरे के सामने काफी पोज भी दिए।

### सारा तेंदुलकर भी आईं अवॉर्ड नाइट में नजर



इस अवॉर्ड नाइट में भारत के दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर भी पहुंची। ऑफ शोल्डर ब्लैक ड्रेस में सारा बेहद खूबसूरत नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपने बालों में एक बन बनाया हुआ था।

### स्टाइलिश ड्रेस में भूमि ने बिखेरा हॉटनेस का जलवा



हाल ही में वेब सीरीज 'द रॉयल्स' में अपनी हॉट अदाएं दिखाने वाली अभिनेत्री भूमि पेडनेकर भी इस कार्यक्रम में शिरकत पहुंचीं। भूमि पेडनेकर ने बकाइन और क्रीम धारियों वाला एक फ्लोर-लेंथ गाउन में अवॉर्ड समारोह के रेड कार्पेट पर उतरीं। एक स्टाइलिश ओवरसाइज्ड ऑफ-व्हाइट केप-स्टाइल ड्रेप वाली ड्रेस में भूमि काफी खूबसूरत नजर आईं।

### खूबसूरत नजर आईं अदिति राव हैदरी

अवॉर्ड नाइट में एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी एक ऑफ शोल्डर स्टाइलिश ड्रेस में पहुंचीं। चमकदार ब्लैक एंड गोल्डेन कलर की लॉन्ग स्कर्ट में अदिति बेहद खूबसूरत लगीं। उन्होंने एक स्लीक बन और बोल्ड इयररिंग्स के साथ अपने लुक को कंपलीट किया।

### अलाया एफ का हॉट लुक

अभिनेत्री अलाया एफ भी इस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचीं। अलाया एक स्टाइलिश ड्रेस में बेहद हॉट नजर आईं। अलाया सिल्वर कलर के स्टाइलिश टॉप और ब्लैक कलर की स्टाइलिश लॉन्ग कट वाली स्कर्ट में रेड कार्पेट पर उतरीं।

## खबर संक्षेप

### ट्रांसपोर्ट ऑफिस के बाहर खड़ा ट्रक चोरी, केस

**बावल।** साबन रोड पर एक ट्रांसपोर्ट के ऑफिस के बाहर खड़ा ट्रक चोरी हो गया। पुलिस शिकायत में राजस्थान के हाडाहेड़ी निवासी नरेंद्र यादव ने बताया कि उसका ट्रांसपोर्ट का कारोबार है। साबन रोड पर ऑफिस बनाया हुआ है। एक ट्रक ट्रांसपोर्ट ऑफिस के बाहर खड़ा किया था। सुबह ट्रक वहां नहीं मिला। काफी पूछताछ करने के बाद भी ट्रक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद ट्रक की तलाश शुरू कर दी।

### दस दिन बाद कार चालक पर केस दर्ज

**धारूहेड़ा।** फ्लाईओवर के पास सर्विस लेन पर हुए सड़क हादसे के दस दिन बाद पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में सैय्यद कॉलोनी निवासी बिरेंद्र ने बताया कि वह 16 मई को बाइक से अपने बेटे के साथ कंपनी जा रहा था। छोटी पुलिया से निकलते ही एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने उसके बयान पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत के आधार पर उसके ससुराल पक्ष के लोगों के साथ समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग कराई गई।

### ट्रॉला चालक के खिलाफ दर्ज किया केस

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने जैसलमेर नेशनल हाइवे पर गलत लेन में ओवरस्पीड वाहन चलाने के आरोप में चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार चेकिंग के दौरान एक ट्रॉला नारनौल की ओर तेज गति से आ रहा था। वह गलत लेन में चल रहा था, जिस कारण हादसे की आशंका बनी हुई थी।

### खान-पान अच्छा रखें ताकि बीपी शुगर और अन्य बीमारियों से बचा जा सके

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया लोगों को संतुलित आहार लेने के प्रति जागरूक

- बीपी और शुगर की दवाएं कभी भी बीच में न छोड़ें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। झज्जर**

स्वास्थ्य विभाग और प्रोजेक्टर चरक के संयुक्त तत्वावधान में गांव डीघल व गांगटान में लोगों को संतुलित आहार के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने कहा कि जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं पर बीपी और शुगर की दवाएं निःशुल्क उपलब्ध हैं। जिन मरीजों की दवाएं चल रही हैं, वे नियमित रूप से दवा लें तथा तली हुई चीजों से परहेज करें। उन्होंने कहा कि खान-पान अच्छा रखें ताकि बीपी शुगर और अन्य बीमारियों से बचा जा सके। वहीं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व उप सिविल सर्जन डॉक्टर मनोज कुमार सैनी ने कहा कि बीपी और शुगर की दवाएं कभी भी बीच में न छोड़ें।

तीस वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों को कम से कम साल में एक बार बीपी और शुगर की जांच अवश्य करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को यह समस्याएं पहले से हैं, वे हर माह जांच करवाएं। उन्होंने यह भी बताया कि जिले की 25 स्वास्थ्य संस्थाओं में हेल्थ कियोस्क स्थापित किए जा चुके हैं, जहां मुफ्त जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाएं। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान होनहार विद्यार्थी स्कूल स्टॉफ सदस्यों के साथ।

### स्किट एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के माध्यम से नशीली दवाओं के खतरे के प्रति किया जागरूक

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव दादरी तोए स्थित पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग स्लोगन लेखन स्किट एवं रंगोली बनाकर बढ़ते हुए नशीली दवाओं के खतरे के प्रति आमजन को जागरूक किया। प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र ने बताया कि हरियाणा सरकार के आदेशानुसार हर साल मई महीने के तीसरे सप्ताह में नशीली दावों के खतरे के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाता है। उन्होंने बताया कि दादरी तोए राजकीय विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं भारत स्काउट एंड गाइड्स के वॉलिंटियर्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं में बढ़ रहे नशीले पदार्थों के सेवन के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने बच्चों को संबोधित करते हुए नशीली दवाओं से होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं मानसिक कुप्रभावों के बारे में जानकारी दी एवं बच्चों को शपथ दिलवाई कि वह अपने घर एवं आसपास नशे को फैलने से रोकेंगे। इस दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी आशीष और शालू, स्काउट मास्टर नरेंद्र सिंह एवं गाइड कैप्टन सीमा सहित स्टॉफ के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा की ट्रेनिंग दी



बहादुरगढ़। स्वयंसेविकाओं को ट्रेनिंग देते कंचन कुमार। फोटो :हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। बहादुरगढ़**

मंगलवार को वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की एनएसएस व वाईआरसी स्वयंसेविकाओं को बेसिक फर्स्ट एड ट्रेनिंग दी गई। प्राचार्या डॉ आशा शर्मा ने कहा कि प्राथमिक चिकित्सा का ज्ञान आकस्मिक दुर्घटना या बीमारी के वक्त पीड़ित की जान बचाने और रोगी को सुरक्षित अस्पताल तक ले जाने में कारगर सिद्ध होती है। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के फर्स्ट एड ट्रेनर कंचन कुमार ने बताया कि प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध साधनों में किया गया सरल उपचार है। हड्डी टूटने पर, जलने पर, हार्ट अटैक, श्वसन-मार्ग में किसी प्रकार का अवरोध आने, पानी में डूबने, हीट स्ट्रोक, मधुमेह के रोगी के बेहोश होने, विष के प्रभाव, घाव-चोट आदि में इसका उपयोग कर सकते है। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को सीपीआर ट्रेनिंग देते हुए बताया कि पीड़ित को सांस लेने में दिक्कत हो या बेहोश जो जाए तो सीपीआर से उसकी जान बचाई जा सकती है। बिजली का झटका लगने पर, पानी में डूबने पर और दम घुटने पर सीपीआर से पीड़ित को आराम पहुंचाया जा सकता है।

# महिला सुरक्षा विषय पर एडीआर सेंटर में वर्कशॉप का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। झज्जर**

जिला एडीआर सेंटर में वर्कशॉप का आयोजन सीजेएम विशाल की अध्यक्षता में किया गया। वर्कशॉप में मुख्य वक्ता के रूप में दीपक कुमार सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसलर ने वर्कशॉप में उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों को कार्यस्थल पर महिलाओं के विरुद्ध होने वाले यौन उत्पीड़न के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा इन अपराधों के विरुद्ध शिकायत करने एवं बचाव के लिए जागरूकता फैलाने के बारे में सभी को प्रेरित किया। वर्कशॉप के समापन के समय सीजेएम विशाल ने कहा कि एक महीने की कैंपेन महिलाओं और पुरुषों के विरुद्ध होने वाले यौन उत्पीड़न के बारे में एक पैनल अधिवक्ता व पैरा लीगल वॉलिंटियर की ड्यूटी लगाई गई है जो विभिन्न कंपनियों वेयरहाउस में जाकर जागरूक करेंगे।



झज्जर। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीजेएम एवं डीएलएसए सचिव विशाल।

# सतपाल बने जन सुधारक सभा के प्रधान

- टंडन गोपाल को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। बहादुरगढ़**



बहादुरगढ़। जनसुधारक सभा के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो :हरिभूमि

जटवाड़ा मोहल्ला स्थित तीन शक्ति मंदिर जन सुधारक सभा की नई कार्यकारिणी का गठन हो गया है। सर्वसम्मति से सतपाल सैनी को प्रधान बनाया गया है, जबकि टंडन गोपाल को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दरअसल, पुरानी कार्यकारिणी का समय पूरा होने पर सभा की बैठक हुई थी। इस बैठक में सभी सदस्यों की सहमति के बाद पुरानी कार्यकारिणी भंग कर दी गई। फिर कार्यवाहक प्रधान राजेंद्र सैनी की अध्यक्षता में चुनाव हुआ। लगभग 30 साल से सेवाएं दे रहे सतपाल सैनी का नाम प्रधान के लिए रखा गया। उनके नाम पर सभी ने सहमति जता दी। सतपाल सैनी को प्रधान बनाने के बाद कार्यकारिणी चुनी गई। टंडन गोपाल सचिव, दीपक गुप्ता सह सचिव, गोविंद राणा प्रबंधक, प्रदीप गुप्ता खजांची, लक्ष्मी नारायण स्टोर इंचार्ज, आनंद वर्मा सहायक स्टोर इंचार्ज, सुरेश रोहिल्ला सहायक स्टोर इंचार्ज चुने गए। जबकि राजेंद्र सैनी, शिव कुमार वर्मा, नवीन रोहिल्ला, प्रदीप गुप्ता, मदरुप राठी, जयभगवान सैनी, मोहित वर्मा, कृष्ण राणा, सौरभ सैनी, प्रवीण सैनी कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं। पदाधिकारियों ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, वे उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करेंगे।



बहादुरगढ़। अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते भाजपाई। फोटो :हरिभूमि

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई

**बहादुरगढ़।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती को लेकर पूर्व विधायक नरेश कौशिक के कार्यालय पर कार्यक्रम हुआ। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर चरखी दादरी नप के चेयरमैन बख्शी राम सैनी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवीर वर्मा ने की। भाजपा नेताओं ने माता अहिल्याबाई होल्कर की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। बख्शी राम सैनी ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपना पूरा जीवन धार्मिक व सामाजिक कार्यों में लगाया। नरेश कौशिक के अनुसार अहिल्याबाई संस्कृति, न्याय, धर्म और सेवा भावना की साक्षात प्रतिमूर्ति थी। पूर्व वाइस चेयरमैन धर्मवीर वर्मा ने कहा कि उनका जीवन देश समाज के लिए प्रेरणादायक रहा है। कार्यक्रम में राजेश मकड़ौली, राम सिंह दलाल, पालेराम शर्मा, महेश कुमार, पवन रोहिल्ला, कृष्ण चंद्र, विशाल बराही, धर्म सिंह सिवान, प्रवीन अरोड़ा, आमोद छिल्लर आदि मौजूद रहे।

# स्काउट एंड गाइड ने लगाई छबील

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। बहादुरगढ़**

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल बहादुरगढ़ के स्काउट एंड गाइड यूनिट ने उत्तर रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड्स के ध्रुव स्काउट ग्रुप और रेलवे के कर्मचारियों द्वारा रेलवे स्टेशन पर छबील लगाई गई। स्काउट एंड गाइड की इंचार्ज सुमित्रा तेवतिया, प्रवीण जाखड़ तथा अनिल अहलावत के मार्गदर्शन में छबील लगाई गई। कार्यक्रम के आयोजन में स्टेशन मास्टर गिरीश कुमार, नरेंद्र कुमार, महेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, तरुण कुमार, रितेश गुप्ता और मंजीत कुमार की मुख्य भूमिका रही। इस अवसर पर राकेश वत्स, पवन काजला व विजय छिल्लर भी मौजूद रहे।




बहादुरगढ़। रेलवे स्टेशन पर लगाई छबील के दौरान स्काउट एंड गाइड।

# किशोरियों को मासिक धर्म और स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जिला अर्श काउंसलर संदीप जांगड़ा एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। झज्जर**

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी उप सिविल सर्जन डॉक्टर मनोज कुमार सैनी ने बताया कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मित्रता क्लीनिक किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम मोबाइल हेल्थ टीम द्वारा जिले भर में किशोर लड़कियों को मासिक धर्म के बारे समय पर जागरूक किया जाता है ताकि किशोरियों में आने वाली मासिक धर्म आने वाली परेशानियों से अवगत करवाया जा सके। वहीं जिला किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा ने बताया कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का पालन करने से संक्रमण और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है, जिससे एक स्वस्थ जीवन सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का पालन करके, महिलाएं मासिक धर्म के दौरान भी आत्मविश्वास और सहज महसूस कर सकती हैं।

# नौकरी गई तो करने लगा इंस्टाग्राम के जरिए ठगी



- सस्ते कपड़ों के लालच में महिला को बनाया ठगी का शिकार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली**

पूर्वी जिले के साइबर थाना पुलिस ने इंस्टाग्राम के जरिये ठगी करने वाले एक शातिर को असम से गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम हिजबुल बारी बताया गया है। पुलिस को जांच में पता चला है कि इस शातिर व्यक्ति ने चार से पांच लोगों के साथ ठगी की वारदात की थी। आरोपी शख्स 15 से 25 हजार रुपये की ठगी करता था। उसे लगता था कि इतनी छोटी रकम के लिये पीड़ित पुलिस के पास नहीं जाएंगे।

डीसीपी अभिषेक धानिया के अनुसार मयूर विहार फेज-1 में रहने वाली कौसर जहां ने पुलिस को ठगी की शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह इंस्टाग्राम का इस्तेमाल करती है। वहीं पर उसे महंगे कपड़ों के ब्रांड का एक पेज मिला। उस पर ब्रांडेड कपड़े सस्ते दाम पर उपलब्ध होने का दावा था। उसने कुछ कपड़े बुक कर लिए। कंपनी के एक कर्मचारी ने पीड़िता को कॉल करके ऑनलाइन 11.5 हजार रुपये मंगवा लिए। तय समय पर डिलीवरी नहीं हुई तो महिला ने उस नंबर पर संपर्क किया तो फोन बंद था। पीड़िता को ठगी का एहसास हुआ और उसने शिकायत दर्ज करवाई।

मोबाइल नंबर व जिस खाते में ठगी की रकम गई थी, उनकी जांच करते हुए पुलिस असम में ठग तक जा पहुंची। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह जियो स्टोर में नौकरी करता था।

### केबल चोरी करने वाले गिरोह के सरगना समेत 13 काबू

**नई दिल्ली।** रोहिणी में महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) का भूमिगत केबल चोरी करने के आरोप में एक गिरोह के 13 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से एक जेसीबी मशीन और करीब 10 किलोग्राम चोरी की गई केबल बरामद हुई।

पुलिस के अनुसार छह और सात अप्रैल की रात को पंकज (21), लकी (18) और अभिषेक (18) को रोहिणी के सेक्टर 9 में केबल की चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया था। गिरफ्तारी का ब्यौरा देते हुए पुलिस ने बताया कि टीम ने एमटीएनएल के बुनियादी ढांचे के पास एक जेसीबी मशीन और कई लोगों की संदिग्ध गतिविधियां देखी, जो खुदाई कर रहे थे। पूछताछ करने पर वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए थे, इसलिए टीम ने उन्हें हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने बाकी साथियों के नाम बताए, जिनमें से 10 अन्य को अब गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरोह भूमिगत केबल को निकालने के लिए जेसीबी मशीन का इस्तेमाल करता था और कीमती तारों को निकालकर उन्हें कबाड़ी को बेच देता था। साथ ही गिरोह रोहिणी इलाके में इस तरह की कई अन्य चोरी की वारदातों में भी शामिल रहा है।

# आईटीआई में लिए दाखिला के लिए आवेदन प्रक्रिया छह जून से शुरू




झज्जर। आईटीआई झज्जर एट गुढ़ा भवन का फाईल फोटो। फोटो :हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। झज्जर**

- हेल्प डेस्क स्थापित करने संबंधित तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए

डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि जिले के सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2025 -26 के लिए विभिन्न इंजीनियरिंग और गैर इंजीनियरिंग व्यवसायों में दाखिले की प्रक्रिया आगामी छह जून से प्रारंभ होगी। उन्होंने कहा कि सभी आईटीआई प्राचार्यों को दाखिला प्रक्रिया को लेकर हेल्प डेस्क स्थापित करने संबंधित तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। जिला नोडल अधिकारी जीतपाल ने बताया कि जिले के 14 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, झज्जर एट गुढ़ा में 508, झज्जर एट गुढ़ा महिला में 152, आसौदा में 128, बहादुरगढ़ में 652, बहादुरगढ़ महिला में 176, भापड़ोदा में 284, छारा में 316, दूबलधन में 128, जहांगीरपुर में 152, मातनहेल में 568, साल्हावास में 504, खुड्डन में 192, पहाड़ीपुर में 172 तथा सैनिक परिवार भवन में 72 सीटों पर दाखिला आवेदन प्रक्रिया की जाएगी।

**सूचना**

मैं, सुरेंद्र पुत्र राय सिंह निवासी मकान नंबर-715, गली नंबर-1, नजफगढ़ रोड, बैंक कॉलोनी, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र टींकू मेरे कहने सुनने से बाहर है और मैं उससे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। टींकू अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**

(नोटिस आम जनता)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खज़ानी देवी (पत्नी), राजेन्द्र, सीताराम, राजपाल व संजय (पुत्र), ऊषा (पुत्री) स्वर्गीय सतबीर सिंह निवासी काठमाडी बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No 3BC8DCH7 Ward No. 19/649 कॉलोनी काठमंडी जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ मे नाम का कॉलम रिक्त है मे नाम दर्ज व वर्ग गज 60.24 से 60.24 वर्ग गज करवाने हेतु Online Application No. 0186058967 द्वारा अप्लाई किया है। अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नं. 3BC8DCH7 वार्ड नं. 19/649 कॉलोनी काठमंडी पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपति है तो वह सबूतो सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय मे आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति खज़ानी देवी (पत्नी), राजेन्द्र, सीताराम, राजपाल व संजय (पुत्र), ऊषा (पुत्री) स्वर्गीय सतबीर सिंह के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड मे दर्ज कर दि जायेगी। जिसमे नगर परिषद बहादुरगढ़ कि कोई जिम्मेवारी नही होगी।

कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद, बहादुरगढ़

**सूचना**

मैं, बिमला देवी पत्नी श्री नसीब सिंह निवासी गांव नूना माजरा तह. बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करती हूं कि मेरा पुत्र योगेन्द्र कुमार व पुत्रवधु प्रियंका मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, ममता देवी पत्नी स्व. विजय सिंह निवासी मकान नंबर-204, मन्दिर वाली गली, बाबा हरिदास कालोनी, टीकरी कलां, वेस्ट दिल्ली, दिल्ली-110041 बयान करती हूं कि मेरा पुत्र आशीष कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, देवेन्द्र पुत्र रणसिंह निवासी गांव खरहर, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरे दोनों पुत्र सुखविन्द्र व उसकी पत्नी मनिषा व दूसरा पुत्र सुखमिन्द्र व उसकी पत्नी सोनिया मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### सिविल डिफेंस वालंटियर्स की अहम भूमिका : एसडीएम

**बेरी ।** मंगलवार को आपदा प्रबंधन को लेकर सिविल डिफेंस कैंप का आयोजन किया गया। एसडीएम रेणुका नांदल ने कहा कि सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स आपदा, संकट या अन्य आपात स्थितियों में प्रशासन के सहयोगी बनते हैं। ये स्वयंसेवक राहत एवं बचाव कार्यों, ट्रैफिक प्रबंधन, जन-जागरूकता अभियानों, प्राथमिक चिकित्सा, भीड़ नियंत्रण जैसे कार्यों में मदद करते हैं।

### बादली से युवक लापता पुलिस ने जांच शुरू की

**बहादुरगढ़।** बादली से एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। चार दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ अता पता नहीं है। अब परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। यूपी मूल के पुत्तू लाल का कहना है कि वह यहां खरहर में रहता है। उसका बड़ा लड़का रामकिशोर बादली स्थित एक भट्ठे पर काम करता है। गत 23 मई से राम किशोर लापता है। काफी तलाशने के बाद भी उसका कुछ सुराग नहीं लगा। पुलिस तलाशने में मदद करे। वहीं, बादली थाना पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### अंडर-11 में अतीक्ष, अंडर-17 में शर्मा व लड़कियों में सोनाक्षी बनी विजेता

# जिलास्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में श्रेय दलाल रहा प्रथम

**बहादुरगढ़ में आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 130 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

झज्जर चैस एसोसिएशन द्वारा आकाश इंटरनेशनल स्कूल बहादुरगढ़ में अंडर-11, अंडर-17 और ओपन शतरंत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के लगभग 130 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एसोसिएशन द्वारा प्रतिभागियों को प्रोत्साहित और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिलास्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में श्रेय दलाल ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि संदीप पोद्दार ने दूसरा और कपिल दहिया ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-11 आयुवर्ग में अतीक्ष देशवाल ने प्रथम, अरिहंत दुबे ने द्वितीय और कोणार्क कश्यप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 आयुवर्ग में आशीष शर्मा ने पहला, पारस भोरिया ने दूसरा और यश ने तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कियों के अंडर-17 आयुवर्ग में सोनाक्षी पहले, मानवी गोयल दूसरे व शिवी गोयल तीसरे नंबर पर रही। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विष्णु भगवान कश्यप ने बताया कि 28 व 29 जून को रियाणा राज्य स्तरीय चैस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमे भाग लेने वाले जिला झज्जर के खिलाड़ियों को एंट्री फीस में स्पेशल छूट दी जाएगी। उन्होंने आयोजन में सहयोग के लिए स्कूल प्रधानाचार्य एल्स थॉमस समेत स्टाफ का आभार जताया। इस मौके पर उमेश पूनिया, जयंत चाहर व संजय गुलिया आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। प्रतियोगिता में हिस्सा लेते शतरंज खिलाड़ी व श्रेय दलाल।



बहादुरगढ़। प्रतियोगिता के लिए तैयार किया चैम्पियंस एक्वेटिक अकेडमी का स्विमिंग पूल।

## एक से 15 तक हर जिले में होंगी तैराकी प्रतियोगिताएं

- हरियाणा तैराकी संघ के ऑब्जर्वरों की निगरानी में करवाई जाएंगी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हरियाणा तैराकी संघ ने 42वीं सब जूनियर, 52वीं जूनियर और 60वीं सीनियर स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप की तैयारियां शुरू कर दी है। इसके लिए सभी जिला संघों को 15 जून तक जिला तैराकी प्रतियोगिता पूरी करवाने के निर्देश जारी किए हैं। एचएसए ने जिला यूनिटों को भेजे पत्र में स्पष्ट किया है कि हरियाणा तैराकी संघ में पंजीकृत तैराक ही प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। संघ के महासचिव अनिल खत्री ने बताया कि सब जूनियर ग्रुप में इस बार ग्रुप 6 को भी जोड़ा जा रहा है। इसमें 6 साल और उससे कम उम्र के तैराक भाग ले सकते हैं। सब जूनियर को ग्रुप 3, ग्रुप 4, ग्रुप 5 और ग्रुप 6 में विभाजित किया गया है। वहीं जूनियर श्रेणी को ग्रुप 1 और ग्रुप 2 में विभाजित किया गया है। ग्रुप 1 में 15 से 17 साल और ग्रुप 2 में 13 से 14 साल के तैराक भाग ले सकेंगे। जबकि 12 साल और उससे कम उम्र वाले तैराक सब जूनियर के अलग अलग ग्रुप्स में भाग ले सकते हैं। अनिल खत्री ने बताया कि सभी जिला तैराकी प्रतियोगिताओं में एचएसए की तरफ से आब्जर्वर भी भेजे जाएंगे। झज्जर जिला तैराकी प्रतियोगिता 1 जून को बहादुरगढ़ के एचएल सिटी स्थित चैंपियंस एक्वेटिक अकेडमी के स्विमिंग पूल पर होगी। एक तैराक 5 इवेंट्स में भाग ले सकता है। जिला प्रतियोगिताओं से चयनित तैराक राज्य प्रतियोगिता में भाग ले पाएंगे।

# जिला पुलिस आयुक्त ने पुलिस लाइन का किया औचक निरीक्षण



झज्जर। निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने पुलिस लाइन स्थित प्रशासनिक भवन का औचक निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों में पुलिस द्वारा पकड़े गए नशीले पदार्थों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उनके रख–रखाव और जब्त मामलों के रिकॉर्ड और उनकी चैकिंग को लेकर निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशासनिक भवन का दौरा करते हुए पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों की समस्याओं व सुविधाओं बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाए रखने,साफ सफाई व स्वच्छता और पुलिस कर्मचारियों के वेलफेयर के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीसीपी क्राइम एवं हैडक्वाटर जसलीन कौर, एसीपी अनिरूद्ध चौहान सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### सीएम से की तहसील में भ्रष्टाचार की शिकायत

**बहादुरगढ़।** भाजपा के नजदीकी लोग भी लगातार बहादुरगढ़ तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार को मुद्दा बना रहे हैं। साथ ही आरोप लगा रहे हैं कि यहां कोई भी काम बिना रिश्वत नहीं हो रहा। इसी क्रम में धर्मबीर सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर तहसील में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर लिखित शिकायत दी है। बीते कुछ दिनों से लगातार सार्वजनिक हो रही इन शिकायतों में सरकार की ईमानदारी की दुहाई देते हुए अफसरों पर सारा ठीकरा फोड़ा जा रहा है।

# विधायक की शिकायत पर जेई दलबीर का रेवाड़ी ट्रांसफर

**बदहाल सीवरेज व पेयजल व्यवस्था से परेशान होकर सीएम से की शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून द्वारा की गई शिकायत का संज्ञान लेते हुए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने कनिष्ठ अभियंता दलबीर सिंह को तुरंत प्रभाव से रेवाड़ी ट्रांसफर कर दिया है। साथ ही उनके विरुद्ध प्राप्त शिकायत की जांच करने के लिए विभाग के अधीक्षण अभियंता को नियुक्त किया गया है। बता दें कि अमरुत योजना के पहले चरण में खर्च हुए सौ करोड़ रुपए के बावजूद बहादुरगढ़ की सीवरेज और पेयजल व्यवस्था बेहद खराब दौर से गुजर रही है। शहर की बदहाल सीवरेज व पेयजल व्यवस्था से परेशान होकर विधायक राजेश जून ने सीएम नायब सैनी को कनिष्ठ अभियंता की कार्यशैली को लेकर लिखित शिकायत दी। इसे 13 मई को सीएम के ओएसडी द्वारा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के इंजीनियर इन चीफ को भेज दिया गया। उन्होंने 26 मई को जारी आदेशों में सर्कल के एसई को जांच अधिकारी नियुक्त करते हुए 2 दिन में रिपोर्ट देने को कहा है। ताकि यह रिपोर्ट सीएम के सम्मुख पेश की जा सके। साथ ही कनिष्ठ अभियंता दलबीर देशवाल का स्थानांतरण जांच पूरी होने तक बहादुरगढ़ से रेवाड़ी कर दिया है। यह आदेश जारी होने के बाद से ही शहर में चर्चाएं शुरू हो गई। राजनीतिक हलकों में भी कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं।




झज्जर। पूल बाथ का आनंद लेते हुए विद्यार्थी।

### नन्हे विद्यार्थियों ने उठाया पूल बाथ पार्टी का आनंद

**झज्जर।** एल ए वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्री-नर्सरी से पहली कक्षा के बच्चों के लिए पूल बाथ एकवा फीस्टा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्राइमरी टीचर ने बच्चों के साथ कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। इस एकवा फीस्टा को अध्यापिका मोना, सविता, निकिता शर्मा, सपना ने तैयार करवाया। स्कूल प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बच्चों ने पूल एकवा फीस्टा करवाने का उद्धेश्य बच्चों को बड़े पूलों से दूर रहकर घर पर ही सेफ व रक्षात्मक आनंद के प्रति जागरूक करना है। स्कूल प्रबंधक के एम डागर ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल में समय-समय पर बच्चों की कक्षाओं के बीच में अनेकों एक्टिविटी आयोजित करवाए जाती हैं।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली और ऑटो की टक्कर में छह घायल, पुलिस ने किया केस दर्ज

**सेक्टर 16 मोड़ के निकट हुआ हादसा, राहगिरों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सेक्टर-16 मोड़ पर ट्रैक्टर-ट्रॉली और ऑटो की टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो में सवार चालक सहित छह लोग घायल हो गए। ऑटो चालक की शिकायत पर सेक्टर-6 थाना पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

बिहार मूल के अभिषेक का कहना है कि वह यहां महावीर पार्क में रहता है और ऑटो चलाता है। सुबह पुराने बस अड्डे से सवारी लेकर सेक्टर-17 के लिए निकला। ऑटो में मिथिलेश, मोहम्मद फैजल, देवेंद्र, राकेश और नीलम आदि सवार थे। जब सेक्टर 16 मोड़ के निकट पहुंचे तो अचानक तीव्र गति में एक ट्रैक्टर ट्रॉली आई। चालक ने अचानक ट्रैक्टर मोड़ दिया। इस वजह से हमारा ऑटो उससे टकरा गया और पलट गया। हम सभी को काफी चोट आई। राहगीरों ने हमको संभाला और अस्पताल लेकर गए। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। आरोपी ट्रैक्टर चालक की पहचान हो गई है। बता दें कि ट्रॉली, टैंकर जोड़कर सड़क पर दौड़ रहे ट्रैक्टर लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं। बीते दिनों में ट्रैक्टर ट्रॉलियों के कारण कई हादसे हो चुके हैं। कुछ लोगों की तो जान तक जा चुकी है। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है।



### डाबोदा में मंदिर पर भंडारे का हुआ आयोजन

बहादुरगढ़। गांव डाबोदा में दादा जोहड़ वाले मंदिर में भंडारा आयोजित किया गया। भाजपा के विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक ने भी इसमें शिरकत कर प्रसाद ग्रहण किया। जीतराम दलाल द्वारा आयोजित भंडारे में दिनेश कौशिक ने ग्रामीणों से मुलाकात के साथ ही विकास पर चर्चा की। उन्होंने दादा जोहड़ वाले मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की मंगल कामना की। इस मौके पर राजू प्रधान, नवीन मेहंदीपुर, अनिल दलाल, राजू जून, सतीश शास्त्री, विकास काजला, विनोद कौशिक, शेखर कौशिक, विनोद प्रजापत, परमिंद्र जांगड़ा आदि ने भंडारे प्रसाद ग्रहण किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत दुकानों से बाहर रखा सामान जब्त

- शिव चौक, सब्जी मंडी, गोशाला रोड, बस स्टैंड आदि क्षेत्रों में की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

मंगलवार को नपा टीम द्वारा सफाई अभियान के साथ-साथ शहर के शिव चौक, सब्जी मंडी, गऊशाला रोड, बस स्टैंड आदि क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। नपा टीम ने दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से दुकान से बाहर रखे सामान को जब्त कर लिया। एसडीएम रेणुका नांदल ने कहा है कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि अतिक्रमण की शिकायतों पर त्वरित और प्रभावी कदम उठाएं ताकि सार्वजनिक स्थानों और सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा रोका जा सके। साथ ही चालान करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने व्यापार मंडल से अपील कि वे दुकानदारों को इस बारे में समझाएं ताकि वे दुकानों के बाहर अवैध रूप से सामान न रखें और बाजार में जाम की स्थिति पैदा न हो।



बेरी। कस्बा बेरी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए नपा टीम।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

- 21 जून तक विभिन्न स्तरों पर योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे
- 26 से 28 मई तक जिले में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम किए जा रहे आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही है। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि 21 जून तक विभिन्न स्तरों पर योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसी क्रम में 26 से 28 मई तक जिले में शिक्षण संस्थानों, योग एवं व्यायाम शालाओं में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में खेल स्टेडियम, ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायती राज संस्थानों, फिटनेस इन्फ्लुएंसर्स, फिजिकल एजुकेशन इंस्ट्रक्टर्स, डीपीई, खेल विभाग के योग प्रशिक्षकों को शामिल किया गया है। जिला आयुष अधिकारी राज कपूर ने बताया कि योग विशेषज्ञों एवं आयुष योग सहायकों ने प्रतिभागियों को योग आसनों की बारीकियां, प्रोटोकॉल और अनुशासन सिखाया।




झज्जर। प्रशिक्षण शिविर में योगाभ्यास करवाते हुए प्रशिक्षक।

**कार्यक्रम** एचएल सिटी में स्थित जीडी गोयनका स्कूल में सीबीएसई ने किया कार्यशाला का आयोजन

# डिजिटल युग में सुरक्षा की नई चुनौती पर की चर्चा

- छात्रों शिक्षकों और अभिभावकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बातें की साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एचएल सिटी में स्थित जीडी गोयनका स्कूल में मंगलवार को सीबीएसई द्वारा साइबर सुरक्षा संबंधित कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें बताया गया कि डिजिटल युग में तकनीक जहां एक ओर जीवन को आसान बना रही है, वहीं दूसरी ओर साइबर अपराधों में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने बताया कि साइबर सुरक्षा अब केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि एक सामाजिक आवश्यकता बन गई है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित इस वेबिनार में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण बातें साझा की गईं। कार्यक्रम में साइबर एक्सपर्ट्स ने बताया कि हैकर्स सोशल मीडिया, ईमेल और ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से बच्चों को कैसे निशाना बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि मजबूत पासवर्ड, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने जैसी सावधानियां अपनाकर साइबर अपराधों से बचा जा सकता है।



बहादुरगढ़। सीबीएसई की कार्यशाला में जानकारी प्राप्त करते शिक्षक।

### साइबर सुरक्षा आज की आवश्यकता

सीबीएसई के प्रशिक्षकों ने बताया कि साइबर सुरक्षा आज के समय की आवश्यकता बन चुकी है। बोर्ड अब स्कूल स्तर पर साइबर सुरक्षा क्लब की स्थापना को प्रोत्साहित कर रहा है, ताकि अध्यापक एवं छात्र आत्म सुरक्षा की तकनीक सीख कर उस पर अमल कर सकें। स्कूल प्रिंसिपल ने बताया कि ऐसी कार्यशालाओं में अध्यापक व छात्रों को डिजिटल उपकरणों का सही उपयोग करना सिखाया जा रहा है। साथ ही उन्हें साइबर अपराधों से निपटने की ट्रेनिंग भी दी जा रही है। विद्यालय की निदेशिका शैलजा जून के अनुसार जागरूकता और सतर्कता ही साइबर अपराध से निपटने का सबसे सशक्त माध्यम हैं। समय अनुसार विद्यालय में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए ऐसे उचित प्रयास किए जाते रहेंगे।